# बी॰एड॰ (द्विवर्षीय) पाठ्यक्रम प्रवेश परीक्षा

## आयोजक : लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

### उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों एवं उनसे सम्बद्ध,

*सहयुक्त तथा घटक महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2021–23 में प्रवेश हेतु निर्देशिका*

1 **बी॰एड॰ (द्विवर्षीय) प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु न्यूनतम शैक्षिक अर्हता निम्नवत है**

1.1 **विज्ञान / सामाजिक–विज्ञान / मानविकी–वर्ग *** में सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग हेतु न्यूनतम 50% (पचास प्रतिशत) अंकों के साथ विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय की स्नातक उपाधि अथवा स्नातकोत्तर उपाधि। **बी॰ई॰ एवं बी॰टेक॰ (अभियाँत्रिकी) में गणित एवं विज्ञान में विशेषज्ञता** वाले छात्रों के लिये न्यूनतम 55% (पचपन प्रतिशत) अंकों के साथ अथवा उपरोक्त के समतुल्य कोई अन्य अर्हता वाले अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह हैं।

1.2 अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों हेतु विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय की स्नातक / स्नातकोत्तर उपाधि उत्तीर्ण अथवा गणित एवं विज्ञान में विशेषज्ञता के साथ बी॰ई॰ एवं बी॰टेक में स्नातक उपाधि अथवा उपरोक्त के समतुल्य कोई अन्य अर्हता वाले अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह हैं।

1.3 दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों को न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता में स्नातक स्र पर 05% (पाँच प्रतिशत) की छूट दी जायेगी।

1.4 सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी या उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों में शिक्षाशास्त्री (बी॰एड॰) में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों हेतु शैक्षिक अर्हता का विवरण निम्नवत है :–

1.5 **न्यूनतम 50% (पचास प्रतिशत) अंकों सहित सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय की त्रिवर्षीय शास्त्री परीक्षा, या द्विवर्षीय शास्त्री परीक्षा सत्र 1990 तक या विधि द्वारा स्थापित किसी अन्य विश्वविद्यालय की शास्त्री अथवा त्रिवर्षीय स्नातक परीक्षा तीनों वर्षों में संस्कृत सहित अथवा द्विवर्षीय शास्त्री या संस्कृत वैकल्पिक विषय सहित द्विवर्षीय स्नातक परीक्षा सत्र 1985 तक।**

1.6 *** महत्वपूर्ण नोट** :

1.6.1 ऐसे अभ्यर्थी जो वर्ष 2021 में अर्हता परीक्षा में सम्मिलित हो रहे है, वे भी इस प्रवेश परीक्षा में आवेदन करने हेतु अर्ह होंगे। ऐसे अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग प्रक्रिया के पूर्व न्यूनतम अर्हता धारित करना अनिवार्य होगा।

1.6.2 तीनो वर्षों में संस्कृत से अभिप्राय संस्कृत को मुख्य / कोर विषय के रुप में अध्ययन किया गया हो।

## 2 बी॰एड॰ (द्विवर्षीय) प्रवेश परीक्षा 2021 से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ *

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | ऑन–लाईन आवेदन पत्र की प्रारंभ तिथि | 18/02/2021 | गुरुवार |
| 2.2 | ऑन–लाईन आवेदन पत्र की अंतिम तिथि | 15/03/2021 | सोमवार |
| 2.3 | विलम्ब शुल्क सहित आवेदन पत्र की अंतिम तिथि | 22/03/2021 | सोमवार |
| 2.4 | प्रवेश पत्र डाउनलोड किए जाने की तिथि | 10/05/2021 | सोमवार |
| 2.5 | प्रवेश–परीक्षा की संभावित तिथि | 19/05/2021 | बुधवार |
| 2.6 | प्रवेश परीक्षा परिणाम की संभावित तिथि | 20–25/06/2021 | |

2.7 * किसी विशेष परिस्थिति में बी॰एड॰ (द्विवर्षीय) प्रवेश परीक्षा 2021 से सम्बन्धित तिथियों में परिवर्तन का अधिकार आयोजक लखनऊ विश्वविद्यालय के पास होगा। यदि बी॰एड॰ (द्विवर्षीय) प्रवेश परीक्षा 2021 से सम्बन्धित कोई तिथि परिवर्तित होती है तो इसकी सूचना लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जायेगी।

### 2.8 आवेदन शुल्क **(Application Fee) 18.02.2021 to 15.03.2021**

| | | शुल्क |
|---|---|---|
| 2.8.1 | उत्तर प्रदेश के सामान्य एवं अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए | 1500 |
| 2.8.2 | उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए | 750 |
| 2.8.3 | अन्य राज्यों के समस्त वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए | 1500 |

### 2.9 विलम्ब शुल्क के साथ आवेदन शुल्क **(Application Fee with late fee) 16.03.2021 to 22.03.2021**

| | अन्य राज्यों के समस्त वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए | शुल्क | विलम्ब शुल्क | कुल शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 2.9.1 | उत्तर प्रदेश के सामान्य एवं अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए | 1500 | 1000 | 2500 |
| 2.9.2 | उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए | 750 | 500 | 1250 |
| 2.9.3 | अन्य राज्यों के समस्त वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए | 1500 | 1000 | 2500 |

## 3 महत्वपूर्ण निर्देश

3.1 प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करने के पूर्व अर्हता सम्बन्धी निर्देशों को अवश्य पढ़ लें जो **http://lkouniv.ac.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है।

3.1 **आवेदक** की अर्हता अथवा भारांकों में किसी भी त्रुटि के लिये वह स्वयं उत्तरदायी होगा तथा इस सम्बन्ध में किसी तरह के वाद की स्थिति मान्य नहीं होगी।

3.3 कृपया नोट कर लें कि **ऑनलाइन आवेदन पत्र के प्रिन्टआउट की मूल प्रति/छायाप्रति को लखनऊ विश्वविद्यालय अथवा कहीं भी भेजने की आवश्यकता नहीं है।** ऑनलाइन आवेदन पत्र के प्रिन्टआउट की मूलप्रति/छायाप्रति एवं उसकी पंजीकरण संख्या भविष्य में संदर्भ हेतु अपने पास सुरक्षित रखें।

3.4 प्रत्येक ऑनलाइन आवेदन पत्र पर कम्प्यूटर–जनित 11 (ग्यारह) अंकों की एक संख्या अंकित है जो कि पंजीकरण संख्या है, जिसे बी॰एड॰ प्रवेश हेतु भविष्य में किये जाने वाले पत्राचार के लिए सुरक्षित रखना अनिवार्य होगा।

3.5 **ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदक द्वारा की गयी कुछ प्रविष्टियों * में यदि उसे कोई त्रुटि दृष्टिगोचर होती है तो ऐसी स्थिति में आवेदक परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि के पश्चात चार दिनों के अन्दर त्रुटियों का संशोधन कर सकेगा।** अभ्यर्थी पुनः संशोधित आवेदन पत्र के प्रिन्टआउट की मूलप्रति/छायाप्रति एवं उसकी पंजीकरण संख्या भविष्य में संदर्भ हेतु अपने पास अवश्य सुरक्षित रखें।

3.5.1 **प्रविष्टियाँ * जिनमें त्रुटि संशोधन किया जा सकता है : विषय वर्ग, लिंग तथा भारांक तथा परीक्षा केन्द्र**

3.6 **e-mail id** : अभ्यर्थी अपनी व्यक्तिगत मेल आई डी ऑनलाइन आवेदन पत्र में अंकित करें, जिसे वे स्वयं प्रयोग में ला रहे हैं, क्योकि भविष्य में, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा अभ्यर्थियों को कोई भी सूचना इनमें से किसी एक अथवा दोनों माध्यमों से दी जाएगी।

3.7 **मोबाइल नम्बर** : अभ्यर्थी अपनी वही मोबाइल नम्बर ऑनलाइन आवेदन पत्र में अंकित करें, जिसे वे स्वयं प्रयोग में ला रहे हैं, क्योकि भविष्य में, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा अभ्यर्थियों को कोई भी सूचना इनमें से किसी एक अथवा दोनों माध्यमों से दी जाएगी।

3.8 **बी॰एड॰ (द्विवर्षीय) 2021–23 से सम्बन्धित किसी भी वाद का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

## 4 ऑनलाइन आवेदन पत्र की प्रक्रिया

4.1 ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया निम्नवत् तीन चरणों में सम्पन्न होगी:

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम चरण | – | ऑनलाइन पंजीकरण करना। |
| द्वितीय चरण | – | आवेदन पत्र को पूर्ण करना। |
| तृतीय चरण | – | पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से प्रवेश परीक्षा शुल्क भुगतान करना एवम् आवेदन पत्र का प्रिन्ट आउट प्राप्त करना। |

4.1.1 *कृपया नोट कर लें कि ऑनलाइन आवेदन पत्र के प्रिन्टआउट की मूल प्रति/छायाप्रति को लखनऊ विश्वविद्यालय अथवा <u>कहीं भी भेजने की आवश्यकता नहीं है</u>। ऑनलाइन आवेदन पत्र के प्रिन्टआउट की मूलप्रति/छायाप्रति एवं उसकी पंजीकरण संख्या भविष्य में संदर्भ हेतु अपने पास सुरक्षित रखें।*

4.1.2 **संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी॰एड॰ (द्विवर्षीय) 2021–23 के ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के पूर्व वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर उपलब्ध निर्देशों को पढ़कर अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा हेतु अपनी अर्हता अवश्य सुनिश्चित कर लें।**

### 4.2 प्रथम चरण – पंजीकरण

4.2.1 ऑनलाइन पंजीकरण हेतु आवेदन (Candidate Registration) लिंक पर क्लिक करें।

4.2.2 ऑनलाइन पंजीकरण आवेदन की प्रविष्टियों को भरें। जहाँ–जहाँ (*) चिह्न लगा है उन प्रविष्टियों को अनिवार्य रूप से भरना है।

4.2.3 अपनी प्रविष्टियों को पूर्ण करने के पश्चात् सही जाँच कर आश्वस्त होने के उपरान्त ही सबमिट (Submit) पर क्लिक करें।

4.2.4 आप द्वारा पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एक ओ टी पी भेजा जायेगा जिसे निर्धारित स्थान पर भरना होगा।

4.2.5 आप द्वारा दिए गये ईमेल पर भी एक वेरिफिकेशन लिंक भेजा जायेगा। अपने ईमेल पर इस लिंक को क्लिक कर वेरीफाई करना अनिवार्य होगा।

4.2.6 सफलतापूर्वक पंजीयन होने के साथ ही आपको कम्प्यूटर–जनित 11 (ग्यारह) अंकों की पंजीकरण संख्या प्राप्त होगी। इस संख्या को सावधानीपूर्वक लिख लें एवम् इस पृष्ठ का प्रिन्ट आउट लेकर अपने पास सुरक्षित रखें क्योंकि पंजीकरण संख्या के आधार पर ही आगे की प्रक्रिया सम्पादित होगी।

4.2.7 **नोट–** प्रवेश हेतु केवल पंजीकरण करने मात्र से आपका बी॰एड॰ प्रवेश परीक्षा 2021–23 हेतु आवेदन पूर्ण नही होता है। यह केवल सफलतापूर्वक पंजीकरण का प्रतीक है। पंजीकरण के उपरान्त अभ्यर्थी को निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त आवेदन पत्र को पूर्ण करना है। आवेदन हेतु निर्धारित शुल्क जमा न होने की स्थिति में आवेदन अपूर्ण मानते हुए अस्वीकार कर दिया जायेगा।

## 4.3 द्वितीय चरण – आवेदन पत्र को पूर्ण करना

4.3.1 पंजीकरण करने के पश्चात् 'आवेदन पत्र पूरित करें' (Submit Application Form) लिंक पर क्लिक करें। आवेदन पत्र पूरित करने के लिये अभ्यर्थी को **पंजीकरण संख्या, पासवर्ड** एवं **जन्मतिथि** भरना होगा।

4.3.2 स्क्रीन पर मांगी गई सूचनाओं को आगे दिये आवेदन सम्बन्धी सामान्य निर्देशों के आधार पर भरने के बाद सबमिट (**Submit**) पर क्लिक करें।

4.3.3 **ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदक द्वारा की गयी कुछ प्रविष्टियों * में यदि उसे कोई त्रुटि दृष्टिगोचर होती है तो ऐसी स्थिति में आवेदक परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि के पश्चात चार दिनों के अन्दर त्रुटियों का संशोधन कर सकेगा।** अभ्यर्थी पुनः संशोधित आवेदन पत्र के प्रिन्टआउट की मूलप्रति/छायाप्रति एवं उसकी पंजीकरण संख्या भविष्य में संदर्भ हेतु अपने पास अवश्य सुरक्षित रखें।

4.3.4 **प्रविष्टियाँ * जिनमें त्रुटि संशोधन किया जा सकता है : विषय वर्ग, लिंग तथा भारांक तथा परीक्षा केन्द्र**

## 4.4 तृतीय चरण – शुल्क भुगतान करना एवं आवेदन पत्र का प्रिन्ट आउट प्राप्त करना

4.4.1 सम्बन्धित वेबसाइट पर शुल्क भुगतान लिंक पर क्लिक करें।

4.4.2 पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से प्रवेश परीक्षा शुल्क का ऑन लाईन भुगतान (Internet Banking / Debit Card / Credit Card ) द्वारा करें।

4.4.3 ऑन–लाईन माध्यम से भुगतान करने पर बैंक द्वारा जारी Transaction ID को अपने पास सावधानीपूर्वक लिख कर सुरक्षित कर लें।

4.4.4 उत्तर प्रदेश के सामान्य एवं अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों को प्रवेश परीक्षा शुल्क रुपये 1500/– तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए शुल्क रुपये 750/– देय होगा। अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश परीक्षा शुल्क रुपये 1500/– देय होगा।

4.4.5 निर्धारित **अंतिम तिथि के पश्चात** आवेदन करने वाले सामान्य एवं अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों को प्रवेश परीक्षा शुल्क रुपये 2500/– (1500 + 1000) तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए शुल्क रुपये 1250/– (750 + 500) देय होगा। अन्य राज्यों के समस्त अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश परीक्षा शुल्क रुपये 2500/– (1500 + 1000) देय होगा।

4.4.6 यदि किसी अभ्यर्थी के खाते से प्रवेश परीक्षा शुल्क की धनराशि कट जाती है किन्तु लेन–देन असफल होता है तो इस दशा में भुगतान की वापसी, बैंक स्तर से, भुगतान सामंजस्य (Payment-reconciliation) के 24 घण्टे के पश्चात संभव हो सकेगी। परामर्श दिया जाता है कि अभ्यर्थी के खाते से प्रवेश परीक्षा शुल्क का भुगतान असफल होने की दशा में, भुगतान का अगला प्रयास 24 घण्टे के पश्चात ही करें।

4.4.7 यदि किसी अभ्यर्थी ने ऑनलाइन पंजीकरण करा लिया है, किन्तु आवेदन–पत्र पूर्ण नहीं किया है तो अभ्यर्थी विलम्ब शुल्क सहित, आवेदन की अंतिम तिथि तक आवेदन–पत्र पूर्ण कर सकता है।

4.4.8 अंतिम तिथि के पश्चात कोई आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं होगा।

## 5 ऑनलाइन आवेदन सम्बन्धी सामान्य निर्देश(**General Instructions for Online Application**)

5.1 अभ्यर्थी का नाम (**Name of Candidate**)

5.1.1 हाईस्कूल अथवा उसके समकक्ष प्रमाण पत्र के अनुसार अपना पूरा नाम भरें। नाम के साथ श्री/श्रीमती/श्रीमान/कुमारी/सुश्री आदि सम्बोधन सूचक शब्द **नहीं** भरें।

5.2 पिता का नाम (**Father's Name**)

5.2.1 जिस प्रकार क्रमांक 1 में अभ्यर्थी का नाम भरा गया है उन्हीं निर्देशों के अनुसार पिता का नाम भरा जाये।

5.3 माता का नाम (**Mother's Name**)

5.3.1 जिस प्रकार क्रमांक 1 में अभ्यर्थी का नाम भरा गया है उन्हीं निर्देशों के अनुसार माता का नाम भरा जाये।

5.4 जन्मतिथि (**Date of Birth**)

5.4.1 हाईस्कूल अथवा उसके समकक्ष प्रमाण पत्र के अनुसार भरें। जन्मतिथि DD/MM/YYYY के प्रारूप में होगा।

5.5 ई–मेल (**e-Mail**)

5.5.1 अपना ई–मेल इस स्थान पर लिखें।

5.5.2 अभ्यर्थी अपनी व्यक्तिगत मेल आई डी ऑनलाइन आवेदन पत्र में अंकित करें, जिसे वे स्वयं प्रयोग में ला रहे हैं, क्योकि भविष्य में, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा अभ्यर्थियों को कोई भी सूचना इनमें से किसी एक अथवा दोनों माध्यमों से दी जाएगी।

5.6 मोबाइल नम्बर (**Mobile Number**)

5.6.1 अभ्यर्थी अपना 10 अंको का मोबाइल नम्बर भरें।

5.6.2 अभ्यर्थी अपनी वही मोबाइल नम्बर ऑनलाइन आवेदन पत्र में अंकित करें, जिसे वे स्वयं प्रयोग में ला रहे हैं, क्योकि भविष्य में, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा अभ्यर्थियों को कोई भी सूचना इनमें से किसी एक अथवा दोनों माध्यमों से दी जाएगी।

5.7 लिंग (**Gender**)

5.7.1 पुरूष अभ्यर्थी, पुरूष (Male) के सम्मुख क्लिक करें तथा महिला अभ्यर्थी महिला (Female) के सम्मुख

क्लिक करें। Transgender अभ्यर्थी अन्य (Others) पर क्लिक करें।

5.8 **राष्ट्रीयता (Nationality)**

5.8.1 अभ्यर्थी अपनी राष्ट्रीयता का चयन करें।

5.9 **उत्तर प्रदेश का मूल निवासी** (Domicile of UP)

5.9.1 यदि अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश का मूल निवासी है तो हाँ (Yes) का चयन करें अन्यथा नहीं (No) का चयन करें। यदि अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश का मूल निवासी है परन्तु उसने शैक्षिक योग्यता (हाई स्कूल/ इण्टरमीडिएट/ स्नातक) उत्तर प्रदेश राज्य के बाहर से प्राप्त की है तो अभ्यर्थी को निर्देश पुस्तिका में दिये गये प्रारूप – 11 के अनुसार ऑनलाइन प्रमाणपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा। जिन अभ्यर्थियों ने हाई स्कूल/ इण्टरमीडिएट/ स्नातक उत्तर प्रदेश राज्य के किसी भी महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण किया है ऐसे अभ्यर्थी अपनी हाई स्कूल/ इण्टरमीडिएट/ स्नातक अंकतालिका या प्रमाण पत्र अपलोड करें।

5.10 **श्रेणी (Category)**

5.10.1 सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ आर्थिक रूप से कमजोर श्रेणी (OBC/SC/ST/EWS) के अभ्यर्थी (यदि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी प्रमाणपत्र के निर्धारित प्रारूप में प्रमाण–पत्र धारित करता है तो) अपने वर्ग के सम्मुख क्लिक करें। अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के अभ्यर्थियों का जाति प्रमाण–पत्र 01 अप्रैल, 2018 या उसके बाद का होना चाहिये। पिछड़ा वर्ग (OBC) के जिन अभ्यर्थियों का जाति प्रमाण–पत्र 01 जुलाई, 2020 के पहले का है तो उन्हें 01 जुलाई, 2020 या उसके बाद का आय प्रमाण–पत्र भी अपलोड करना होगा। **उत्तर प्रदेश राज्य के बाहर के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ आर्थिक रूप से कमजोर श्रेणी के अभ्यर्थी सम्बन्धित वर्ग पर क्लिक न करें बल्कि सामान्य के सम्मुख क्लिक करें।** अर्थात अन्य राज्यों के आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी इस परीक्षा हेतु सामान्य श्रेणी के माने जायेंगे। सम्बन्धित प्रमाण पत्र वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

5.11 **परिवार की कुल वार्षिक आय (Total Annual Income of the Family)**

5.12 विकलांग **(Physically Challenged)/** दृष्टिबाधित **(Blind)**

5.12.1 यदि अभ्यर्थी दृष्टिबाधित श्रेणी में आता है और इस संवर्ग का लाभ लेना चाहता है तो हां (Yes) के सम्मुख क्लिक करें। अभ्यर्थी के पास मुख्य चिकित्साधिकारी अथवा उसके द्वारा गठित एतदर्थ बोर्ड द्वारा निर्गत प्रमाणित प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारूप में मूल रूप में होना आवश्यक है। सम्बन्धित प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।

5.13 **वैवाहिक स्थिति (Marital Status)**

5.13.1 अभ्यर्थी अपनी वैवाहिक स्थिति के लिये विवाहित / अविवाहित / विधवा / परित्यक्ता / तलाकशुदा (Married / Unmarried / Widow / Divorced / Separated) का चयन करें।

5.14 **पत्र व्यवहार का पूरा पता (Complete Postal Address)**

5.14.1 पत्र व्यवहार के पते में अभ्यर्थी अपना नाम एवं डाक का सम्पूर्ण पता भरें।

5.15 **पिन कोड (Pin Code)**

5.15.1 अभ्यर्थी अपने पत्र व्यवहार में दिये गये पते से सम्बन्धित पिन कोड नम्बर को भरें।

5.16 **फोन नम्बर एस॰टी॰डी॰ कोड सहित (Telephone No. with STD Code)**

5.16.1 अभ्यर्थी अपने फोन नम्बर को एस॰टी॰डी॰ कोड के साथ भरेंगे। उदाहरण के लिये लखनऊ के किसी अभ्यर्थी के द्वारा फोन नम्बर निम्न प्रकार भरा जायेगा – 0522 XXXXXXX

5.17 **फोटो पहचान (Photo Identity Card)**

5.17.1 अभ्यर्थी अपना 12 अंको का आधार नम्बर भरें। जिन अभ्यर्थियों का अब तक आधार कार्ड नहीं बना है, तो वे अपना पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर आई॰डी॰ का नम्बर अंकित करें।

5.18 **फोटो व अभ्यर्थी के हस्ताक्षर (Photograph & Signature of the Candidate)**

5.18.1 ऑनलाइन आवेदन पत्र पर निर्धारित स्थान पर अपना **नवीनतम रंगीन अभिमुख फोटो** (Front Face), दोनों तर्जनी (Both Index Fingers) तथा **हस्ताक्षर** 35mm x 45mm आकार में **अपलोड करना** अनिवार्य है। फोटोग्राफ, दोनों तर्जनी (Both Index Fingers) तथा हस्ताक्षर की अधिकतम 50 KB की jpg format में कम्प्यूटर फाईल होगी। फोटो स्पष्ट और नवीनतम होना चाहिये। गहरे रंग के चश्में के साथ खीची गयी फोटो स्वीकार नही होगी तथा इस दशा में आवेदन पत्र निरस्त हो सकता है।

5.19 **स्नातक परीक्षा विवरण (Details of Graduation)**

5.19.1 अभ्यर्थी स्नातक उपाधि पूर्णांक एवं प्राप्तांक को यथास्थान भरें। इसे भरते ही प्राप्तांक प्रतिशत स्वतः दिखायी देने लगेगा।

5.20 **परास्नातक परीक्षा विवरण (Details of Post Graduation)**

5.20.1 अभ्यर्थी परास्नातक उपाधि पूर्णांक एवं प्राप्तांक को यथास्थान भरें। इसे भरते ही प्राप्तांक प्रतिशत स्वतः दिखायी देने लगेगा।

5.20.2 यदि अभ्यर्थी स्नातक स्तर पर अर्हता पूरी करता है और उसने परास्नातक परीक्षा पूर्ण न करी हो तो वह इस कालम को न भरे।

5.21 **उप–श्रेणी (Sub-Category)**

5.21.1 यदि अभ्यर्थी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रतिरक्षा कर्मचारी आश्रित या विकलांगता की श्रेणी का लाभ लेना चाहता है तो सम्बन्धित श्रेणी का चयन करें। साथ में भारांक की अर्हता में भी उचित स्थान पर **हाँ** करते हुए सम्बन्धित प्रमाण पत्र अपलोड करें। सम्बन्धित प्रमाण पत्र मूल रूप में काउन्सिलिंग के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

5.22 भारांक हेतु मांग **(Weightage Claimed)**

5.22.1 अभ्यर्थी भारांक की अर्हता के लिये परिशिष्ट संख्या 1 को सावधानी पूर्वक देखें।

5.22.2 उसके अनुसार परिशिष्ट 1 में श्रेणी **ए** से **एफ** तक के नीचे उस कोड के अंतर्गत मांगे गये भारांक से सम्बन्धित श्रेणी का चयन करें।

5.22.3 सम्बन्धित प्रमाणपत्र अपलोड करें|

5.23 प्रवेश परीक्षा हेतु शहर का विकल्प **(City Option for Entrance Exam)**

5.23.1 अभ्यर्थी को प्रवेश हेतु पाँच शहरों के नाम का विकल्प चुनना होगा (परिशिष्ट–3 देखें) लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा परीक्षा केन्द्रों का आवंटन किया जायेगा। विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित परीक्षा केन्द्र अभ्यर्थी को स्वीकार करना होगा।

5.23.2 **परीक्षा केन्द्र परिवर्तन हेतु आवेदन पत्र किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा ।**

5.24 विषय समूह **(Subject Stream)**

5.24.1 अभ्यर्थी अपने विषय समूह का चयन करें। (प्रवेश परीक्षा का प्रारूप देखें)

5.25 **घोषणा (Declaration)**

5.25.1 अभ्यर्थी घोषणाओं को सावधानी पूर्वक पढ़ें तथा निर्देशों का पालन करें।

5.26 नोट– ऑनलाइन आवेदन पत्र के प्रिन्टआउट की मूलप्रति/छायाप्रति एवं उसकी पंजीकरण संख्या भविष्य में संदर्भ हेतु अपने पास सुरक्षित रखें।

# 6 आरक्षण

## 6.1 ऊर्ध्वाधर आरक्षण (Vertical Reservation)

6.1.1 बी॰एड॰ (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम में) प्रवेश में अनुसूचित जातियों (21%), अनुसूचित जनजातियों (2%) एवं अन्य पिछड़ा (27%) वर्ग एवम् आर्थिक रूप से कमजोर श्रेणी के अभ्यर्थियों (10%) आरक्षण उत्तर प्रदेश शासन की अधिसूचना/ शासनादेश के अनुसार देय होगा।

## 6.2 क्षैतिज आरक्षण (Horizontal Reservation)

6.2.1 शारीरिक रूप से विकलांग (न्यूनतम 40 प्रतिशत विकलांगता)/दृष्टिहीन अभ्यर्थियों हेतु समस्त प्रवेश सीटों का 05 प्रतिशत आरक्षण देय होगा। इन अभ्यर्थियों को जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी का इस आशय का प्रमाण पत्र अपने पास सुरक्षित रखना होगा कि वह विकलांग की श्रेणी में आते हुये भी चर्म रोग, हकलाना, मूक, बधिर या अन्य किसी ऐसी व्याधि से ग्रस्त नहीं है जिसके कारण बच्चों में संक्रमण या उनके कक्षा–शिक्षण में बाधा उत्पन्न होने की सम्भावना हो। यह प्रमाण पत्र आवश्यकतानुसार मांगे जाने पर अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों के लिये समस्त प्रवेश सीटों का अधिकतम 02 प्रतिशत आरक्षण देय होगा। उ॰प्र॰ के सेवानिवृत्त अथवा अपंग रक्षा कर्मियों अथवा उ॰प्र॰ में तैनात रक्षा कर्मियों के पुत्र–पुत्रियों को समस्त प्रवेश सीटों के अधिकतम 05 प्रतिशत आरक्षण देय होगा। महिलाओं के लिये समस्त प्रवेश सीटों का अधिकतम 20 प्रतिशत आरक्षण देय होगा।

6.3 **नेत्रहीन अभ्यर्थियों** को श्रुत लेखक (Writer) की सुविधा अनुमन्य है। प्रतिबन्ध यह होगा कि श्रुत लेखक की वर्तमान शैक्षिक योग्यता कक्षा 12 अथवा इनके समकक्ष से अधिक न हो। श्रुत लेखक (Writer) की सुविधा परीक्षा केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी। इस हेतु अभ्यर्थी को परीक्षा से एक दिन पूर्व केन्द्राध्यक्ष से सम्पर्क करना होगा।

6.4 **अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों** को मेरिट सूची के आधार पर अर्ह होने की दशा में अधिकतम 05 प्रतिशत स्थानों पर प्रवेश दिया जायेगा।

6.5 **केवल उत्तर प्रदेश में स्थायी रूप से निवास करने वाले अभ्यर्थियों** को ही अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ आर्थिक रूप से कमजोर श्रेणी के समुदाय का लाभ अनुमन्य है। आरक्षण से सम्बन्धित प्रमाण पत्र अभ्यर्थी के पास शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप पर, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया जाना अनिवार्य है। यह प्रमाण पत्र अभ्यर्थियो के पिता के नाम के साथ ही होना मान्य होगा। अन्य राज्यों के अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थी सामान्य श्रेणी के अन्तर्गत ही आवेदन करने के पात्र होंगे। **विवाहित महिला अभ्यर्थियों का जाति प्रमाण पत्र एवंआय प्रमाण पत्र पिता के नाम से ही निर्गत होना चाहिए।**

6.6 **टिप्पणी : काउन्सिलिंग के प्रारम्भ होने तक आरक्षण के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश शासन/सरकार द्वारा जो भी शासनादेश/अधिसूचना निर्गत होंगे, उनके अनुसार ही आरक्षण (ऊर्ध्वाधर तथा क्षैतिज) अनुमन्य होगा।**

## 7 प्रवेश पत्र की प्रति

7.1 अभ्यर्थी राज्यस्तरीय प्रवेश परीक्षा बी॰एड॰ (द्विवर्षीय)–2021 का प्रवेश पत्र प्रवेश परीक्षा की तिथि के नौ दिन पूर्व राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा बी॰एड॰ (द्विवर्षीय)–2021 की वेबसाइट https://lkouniv.ac.in पर लॉगिन कर अपनी आवेदन पत्र की पंजीकरण संख्या देकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकता है।

7.2 अभ्यर्थी प्रवेश पत्र को दो प्रतियों में मुद्रित (प्रिन्ट) कर लें व ऑनलाइन आवेदन पत्र में अभ्यर्थी ने जिस फोटोग्राफ को अपलोड किया है, उसी फोटोग्राफ को प्रवेश पत्र के प्रिन्ट आउट में निर्धारित स्थान पर चिपकायें एवं निर्धारित स्थान पर अपना हस्ताक्षर करें। अभ्यर्थी निर्धारित स्थान पर अपनी दोनो तर्जनी (Both Index Fingers) का निशान लगायें। प्रवेश परीक्षा के दिन अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र को दो एक जैसी प्रतियों में लाना है व एक प्रति परीक्षा कक्ष में कक्ष निरीक्षक महोदय को देनी है।

## 8 प्रवेश परीक्षा का प्रारूप

8.1 प्रवेश परीक्षा के प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ (Objective) प्रश्न होंगे। प्रत्येक सही उत्तर के 02 (दो) अंक मिलेंगें।

8.2 प्रवेश परीक्षा में दो प्रश्नपत्र होंगे।

8.3 प्रश्नपत्र –प्रथम

| खण्ड | विषय | प्रश्नों की संख्या | अंक | कुल अंक | कुल समय |
|---|---|---|---|---|---|
| अ | सामान्य ज्ञान | 50 | 100 | 200 | 2 घण्टे |
| ब | भाषा (हिन्दी / अंग्रेजी में से कोई भी) | 50 | 100 | | |

8.3.1 उपरोक्त खण्ड 'अ' सभी के लिये अनिवार्य है। खण्ड 'ब' भाषा से सम्बन्धित होगा। इस खण्ड में हिन्दी एवं अंग्रेजी के पृथक–पृथक भाग होंगे। इन दोनो भाषाओं में से अभ्यर्थी को किसी एक भाषा के प्रश्न हल करने होंगे।

8.4 प्रश्नपत्र –द्वितीय

| खण्ड | विषय | प्रश्नों की संख्या | अंक | कुल अंक | कुल समय |
|---|---|---|---|---|---|
| अ | सामान्य अभिरूचि परीक्षण | 50 | 100 | 200 | 2 घण्टे |
| ब | विषय योग्यता (कला / विज्ञान / वाणिज्य / कृषि) | 50 | 100 | | |

8.4.1 उपरोक्त खण्ड 'अ' सभी के लिये अनिवार्य है। खण्ड 'ब' में 4 विषय वर्ग (कला / विज्ञान / वाणिज्य / कृषि) होंगे। अभ्यर्थी को इस भाग में से केवल अपने विषय वर्ग के ही प्रश्नों को हल करना होगा जो कि अभ्यर्थी ने अपने विकल्प के रूप में आनलाइन आवेदन पत्र में भरा है।

9 <u>परिशिष्ट–1</u>

<u>भारांको से सम्बन्धित प्रावधान</u>

| | श्रेणी | अधिभार श्रेणी का विवरण | अंक |
|---|---|---|---|
| 9.1 | 'A' | राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय या अन्तर विश्वविद्यालय खेलकूद की प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अभ्यर्थी को | |
| 9.1.1 | | इन्डीविजुअल इवेंट में अभ्यर्थी द्वारा | |
| 9.1.1.1 | | (अ) प्रथम स्थान आने पर | 15 |
| 9.1.1.2 | | (ब) द्वितीय स्थान आने पर | 10 |
| 9.1.1.3 | | (स) तृतीय स्थान आने पर | 05 |
| 9.1.2 | | टीम इवेंट में | |
| 9.1.2.1 | | (अ) सर्वविजेता (चैम्पियन) टीम का सदस्य होने पर | 15 |
| 9.1.2.2 | | (ब) सर्वउपविजेता (रनर अप) टीम का सदस्य होने पर | 10 |
| 9.1.2.3 | | (स) प्रतिभागी टीम का सदस्य होने पर | 05 |
| 9.1.3 | | किसी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित अन्य महाविद्यालय टूर्नामेन्ट या क्रीड़ा या खेलकूद प्रतियोगिताओं में | |
| 9.1.3.1 | | (अ) सर्वविजेता (चैम्पियन) टीम का सदस्य होने पर | 10 |
| 9.1.3.2 | | (ब) एकल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आने पर | 10 |

9.1.4 **नोटः**

9.1.4.1 उपर्युक्त 9.1.1, 9.1.2 एवं 9.1.3 के अन्तर्गत उल्लिखित मदों में से केवल एक ही मद/प्रतियोगिता का लाभ दिया जायेगा अर्थात् यदि किसी छात्र ने एक से अधिक टीम/प्रतियोगिता में भाग लिया है तो उसे एक ही टीम/प्रतियोगिता का लाभ देय होगा।

9.1.4.2 राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय खेलकूद अथवा क्रीड़ा प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये शासन के खेलकूद विभाग द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

9.1.4.3 विश्वविद्यालय द्वारा संचालित खेलकूद प्रतियोगिता में आयोजक विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9.2 | 'B' | नेशनल कैडेट कोर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के अभ्यर्थी | |
| 9.2.1 | | नेशनल कैडेट कोर में (सी) प्रमाण पत्र पाने वाले पुरूष अभ्यर्थी तथा जी–2 प्रमाण पत्र पाने वाली महिला अभ्यर्थी को | 15 |
| | | या | |
| 9.2.2 | | नेशनल कैडेट कोर में (बी) प्रमाण–पत्र पाने वाले पुरूष अभ्यर्थी तथा जी–1 प्रमाण पत्र पाने वाली महिला अभ्यर्थी को | 10 |
| | | या | |
| 9.2.3 | | राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत 240 घण्टे की सेवा एवं 2 विशेष शिविर में भाग लेने वाले अभ्यर्थी को | 15 |
| | | या | |
| 9.2.4 | | राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत 240 घण्टे की सेवा एवं 1 विशेष शिविर में भाग लेने वाले अभ्यर्थी को | 10 |
| | | या | |
| 9.2.5 | | राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत 240 घण्टे की सेवा करने वाले अभ्यर्थी को | 05 |
| | | या | |
| 9.2.6 | | स्काउट एवं गाइड्स अथवा रोवर्स/रेन्जर्स का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त अभ्यर्थी को | 15 |
| | | या | |
| 9.2.7 | | स्काउट एवं गाइड्स का राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त अथवा रोवर्स/रेन्जर्स निपुण अभ्यर्थी को | 10 |
| | | या | |
| 9.2.8 | | स्काउट एवं गाइड्स गुरूपद अथवा रोवर्स/रेन्जर्स तृतीय सोपान में प्रवीण प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी को | 05 |

9.2.9 **नोटः**

9.2.9.1 उपरोक्त 9.2.1 से 9.2.8 के अन्तर्गत आइटम में से केवल एक ही मद का लाभ देय होगा।

9.2.9.2 किसी भी आइटम के लिये प्रोविजनल प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा।

9.2.9.3 राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत 240 घण्टे की सेवा से तात्पर्य दो सतत् शैक्षणिक सत्रों में सेवा/सदस्यता से है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9.3 | 'C' | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रितों को आरक्षण | 15 |
| 9.4 | 'D' | ऐसे अभ्यर्थी जो सक्रिय सेवारत या विसैन्यीकृत या सेवानिवृत्त प्रतिरक्षा कर्मचारी हों या ऐसे कर्मचारी के पुत्र या पुत्री के रूप में संबंधित हो या ऐसे कर्मचारी जो अपंग, लापता या मृत प्रतिरक्षा कर्मचारी से उनके पुत्र, पुत्री, पत्नी के रूप में सम्बन्धित हो। | 15 |
| 9.5 | 'E' | ऐसे अभ्यर्थी जिनके पिता अथवा पति पुलिस या पी.ए.सी. या बी.एस.एफ. या एस.एस.बी. या आई.टी.बी.पी. या सी.आर.पी.एफ. या होमगार्ड्स में सेवारत हो या सेवानियुक्त, अपंग या मृत हो गये हो, का प्रमाण पत्र<br>(वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से प्रतिहस्ताक्षरित होना चाहिये) | 15 |
| 9.6 | 'F' | ऐसी महिला अभ्यर्थी जो विधवा, तलाकशुदा या परित्यक्ता हो (ऐसे अभ्यर्थी को न्यायालय द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा) | 15 |

9.7 नोटः

9.7.1 श्रेणी 'C' से 'F' तक के प्रमाण पत्रों के प्रारूप इस विवरणिका के अंत में दिये गये है। प्रमाण पत्र में उल्लिखित सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत होने पर ही प्रमाण पत्र मान्य होगा।

9.7.2 यदि किसी अभ्यर्थी को उपर्युक्त 'A' से 'F' तक उल्लिखित मदों में 25 से अधिक अंक प्राप्त होते है तो उसे अधिकतम 25 अंको का ही लाभ दिया जायेगा।

9.7.3 खेलकूद / एन0सी0सी0 / एन0एस0एस0 / स्काउट–गाइड / रोवर्स–रेंजर्स से सम्बन्धित अधिभार अंक उसी दशा में मान्य होंगे यदि उक्त से सम्बन्धित प्रमाण पत्र आवेदन पत्र प्रेषित करने की अंतिम तिथि से पूर्व में अर्जित किये गये हों।

9.8 **टिप्पणी : काउन्सिलिंग के प्रारम्भ होने तक आरक्षण के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश शासन/सरकार द्वारा जो भी शासनादेश/अधिसूचना निर्गत होंगे, उनके अनुसार ही आरक्षण (ऊर्ध्वाधर तथा क्षैतिज) अनुमन्य होगा।**

10 <u>परिशिष्ट–2</u>

**संयुक्त बी०एड० प्रवेश परीक्षा 2021–23 से सम्बन्धित विश्वविद्यालय**

**विश्वविद्यालयों के नाम**

10.1 लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ – 226007

10.2 महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली – 243006

10.3 डा. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा – 282004

10.4 डा. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या – 224001

10.5 चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ – 200005

10.6 बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी – 248128

10.7 महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी – 221002

10.8 सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी – 221001

10.9 वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर – 222003

10.10 दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर – 273009

10.11 छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर – 208025

10.12 इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, प्रयागराज – 211002

10.13 जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया – 277301

10.14 सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर – 272205

10.15 ख्वाज़ा मोइनुद्दीन चिश्ती उर्दू–अरबी–फारसी विश्वविद्यालय, लखनऊ–226013

10.16 गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय, नोयडा– 201312

## 11 प्रवेश परीक्षा हेतु शहर का विकल्प (City Option for Entrance Exam)

| क्रम संख्या | जिला | क्रम संख्या | जिला | क्रम संख्या | जिला | क्रम संख्या | जिला | क्रम संख्या | जिला |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंबेडकर नगर | 16 | कुशीनगर | 31 | प्रयागराज | 46 | मऊ | 61 | शाहजहाँपुर |
| 2 | अमरोहा | 17 | कौशाम्बी | 32 | फतेहपुर | 47 | महाराजगंज | 62 | श्रावस्ती |
| 3 | अमेठी | 18 | गाजियाबाद | 33 | फर्रूख़ाबाद | 48 | महोबा | 63 | संत कबीर नगर |
| 4 | अयोध्या | 19 | गाजीपुर | 34 | फिरोजाबाद | 49 | मिर्जापुर | 64 | संत रविदास नगर जिला |
| 5 | अलीगढ़ | 20 | गोंडा | 35 | बदायूँ | 50 | मुजफ्फरनगर | 65 | सम्भल |
| 6 | आगरा | 21 | गोरखपुर | 36 | बरेली | 51 | मुरादाबाद | 66 | सहारनपुर |
| 7 | आजमगढ़ | 22 | गौतम बुद्ध नगर | 37 | बलरामपुर | 52 | मेरठ | 67 | सिद्धार्थनगर |
| 8 | इटावा | 23 | चंदौली | 38 | बलिया | 53 | मैनपुरी | 68 | सीतापुर |
| 9 | उन्नाव | 24 | चित्रकूट | 39 | बस्ती | 54 | रामपुर | 69 | सुल्तानपुर |
| 10 | एटा | 25 | जालौन | 40 | बहराइच | 55 | रायबरेली | 70 | सोनभद्र |
| 11 | औरैया | 26 | जौनपुर | 41 | बांदा | 56 | लखनऊ | 71 | हमीरपुर |
| 12 | कन्नौज | 27 | झांसी | 42 | बागपत | 57 | लखीमपुर खीरी | 72 | हरदोई |
| 13 | कानपुर देहात | 28 | देवरिया | 43 | बाराबंकी | 58 | ललितपुर | 73 | हाथरस |
| 14 | कानपुर नगर | 29 | पीलीभीत | 44 | बिजनौर | 59 | वाराणसी | 74 | हापुड़ |
| 15 | कासगंज | 30 | प्रतापगढ़ | 45 | बुलन्दशहर | 60 | शामली | 75 | मथुरा |

## CONTACT US

| | |
|---|---|
| E –mail ID (for Candidates) | jeebed2021@gmail.com |
| State Coordinator Office | JEE B.Ed. 2021-23<br>B.Ed. Cell,<br>Department of Education,<br>University of Lucknow,<br>Lucknow – 226007 |
| Website | www.lkouniv.ac.in |